प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश,लखनऊ ।

महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण / ई–मेल

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

संख्या : प्राशिप / अनु03 / 2021 / 1798 लखनऊ : दिनांक 07/07/21

विषयः– **परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा / बैक पेपर (केवल विषम सेमेस्टर) / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मार्च 2021 के परीक्षाफल से संबंधित स्कूटनी एवं पुनर्मूल्यांकन के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने विषयक।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्रांक संख्या प्राशिप / अनु03 / 2021 / 1682 लखनऊ दिनांक 01 / 07 / 2021 द्वारा आप को अवगत कराया गया है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा / बैक पेपर (केवल विषम सेमेस्टर) / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मार्च 2021 के परीक्षाफल से संबंधित स्कूटनी / पुनर्मूल्यांकन हेतु रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 07 / 07 / 2021 निर्धारित की गयी थी।

उपरोक्त के कम में अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्कूटनी / पुनर्मूल्यांकन हेतु रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 10 / 07 / 2021 तक एवं PAYMENT RECEIPT के प्रिन्ट करने की अंतिम तिथि 12 / 07 / 2021 तक बढ़ाई जा रही है।

अतः उपरोक्त परीक्षा मार्च, 2021 में सम्मलित छात्र / छात्राएं जो अपने परीक्षाफल से असंतुष्ट हैं, परिषद की वेबसाइट **www.result.bteupexam.in** पर उपलब्ध लिंक **APPLY FOR SCRUTINY/ RE-EVALUATION** के माध्यम से स्कूटनी / पुनर्मूल्यांकन हेतु रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 10 / 07 / 2021 तक करना सुनिश्चित करें। परिषद द्वारा स्कूटनी एवं पुनर्मूल्यांकन हेतु उपरोक्त ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।

आप से अपेक्षा है कि अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को कतिपय विषय में आवेदन करते समय दोनों विकल्पों (स्कूटनी / पुनर्मूल्यांकन) का चयन सावधानी पूर्वक किये जाने एवं जिन विषयों की परीक्षा मार्च, 2021 में सम्मिलित हुए हो उन्ही विषयों का चयन किये जाने हेतु संस्था स्तर पर सूचित करने का कष्ट करें, यदि छात्र / छात्राओं द्वारा अपने चयनित विषयों में किसी भी प्रकार की त्रुटि / समस्या होती है, तो छात्र / छात्राएं स्वंय ही उत्तरदायी होगें।

भवदीया,

07/07/21

(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव,
कृते सचिव।

P.T.O

पृ0सं0–प्राशिप / अनु03 / 2021 / 1799-1801 तद्दिनांक– 07.07.2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 कानपुर को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।

2 निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।

3 संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, बुन्देलखण्ड क्षेत्र / पूर्वी क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।

07/07/21

(रश्मि सोनकर)
संयुक्त सचिव,
कृते सचिव।